हाई-स्पीड इंटरनेट 20 लाख घरों तक पहुंचेगा

प्रोजेक्ट गंगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रोजेक्ट गंगा (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फार ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्राडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए सोमवार को स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन और हिंदुजा समूह की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ है।

परियोजना के तहत अगले दो-तीन वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर आठ से 10 हजार स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता बनने का अवसर मिलेगा। इनमें महिलाओं की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह एमओयू उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल हाईवे का महत्व कई मामलों में भौतिक एक्सप्रेसवे से भी अधिक हो गया है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में हिन्दुजा समूह की कंपनी से करार किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए डिजिटल सेवाओं, यूट्यूब और अन्य आनलाइन माध्यमों से आय अर्जित करने के नए अवसर बनेंगे। हिंदुजा ग्लोबल साल्यूशन लिमिटेड के डायरेक्टर विंसले फर्नांडीज ने कहा कि जिस तरह मां गंगा हिमालय से बंगाल की खाड़ी तक करोड़ों लोगों के जीवन और रोजगार का आधार भी हैं। इसी सोच के साथ इस पहल को 'प्रोजेक्ट गंगा' नाम दिया गया है। परियोजना के दो प्रमुख स्तंभ युवा एवं महिला सशक्तीकरण हैं।